हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १३६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० | १६ नवम्बर २०२३ दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

# विराट के शतकों के अर्ध शतक और शमी के 7 विकेट के साथ भारत ने फाइनल में किया प्रवेश

## शमी को मिला मैन आफ द मैच का खिताब





प्रखर एजेंसी। वनडे विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में मेजबान भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया है। दोनों टीमें चार साल बाद एक बार फिर से सेमीफाइनल में आमने–सामने थीं। पिछली बार 2019 में कीवी टीम ने करोड़ों भारतीयों का सपना तोड़ दिया था और फाइनल में जगह बनाई थी। इस बार भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर पिछली हार का बदला ले लिया। अब भारतीय टीम 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 397 रन बनाए। इसके जवाब में कीवी टीम सभी विकेट खोकर 327 रन ही बना पाई। भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने चौथी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 397 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 पर सिमट गई और मैच 70 रन से हार गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 117 रन विराट कोहली ने बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 105 रन की पारी खेली। शुभमन गिल ने नाबाद 80 रन का योगदान दिया। कप्तान रोहित ने 47 और लोकेश राहुल ने नाबाद 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने तीन और ट्रेंट बोल्ट ने एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। कप्तान केन विलियम्सन ने 69 रन की पारी खेली। ग्लेन फिलिप्स ने 41 रन का योगदान दिया। दोनों कीवी ओपनर कॉन्वे और रचिन 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सात विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक–एक विकेट मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। पहले रोहित ने तेज गति से रन बनाए फिर गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। रोहित ने विश्व कप में अपने 50 छक्के पूरे किए और टीम का स्कोर पावरप्ले के अंदर 50 रन के पार पहुंच गया। रोहित शर्मा साउदी की गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में 47 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। हालांकि, पावरप्ले में टीम इंडिया एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाने में सफल रही। गिल और कोहली ने भारत का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान गिल ने 41 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। 65 गेंद में 79 रन बनाने के बाद गिल वानखेड़े की गर्मी से परेशान हो गए। उन्हें क्रैम्प आ रहे थे और वह मैदान के बाहर चले गए। विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने 59 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान वह एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने सचिन के 673 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। विराट और श्रेयस ने शतकीय साझेदारी कर भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचा दिया। विराट ने वनडे में अपना 50वां शतक लगाया और भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया। वह 117 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर और भी आक्रामक हो गए। उन्होंने राहुल के साथ मिलकर भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। इसके बाद श्रेयस ने 67 गेंद में अपना शतक पूरा किया और 70 गेंद में चार चौके और आठ छक्कों की मदद से 105 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए सूर्यकुमार एक रन बनाकर आउट हो गए। अंत में लोकेश राहुल ने शुभमन गिल के साथ मिलकर भारतीय पारी खत्म की। राहुल ने आखिरी ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और भारत का स्कोर 397 रन तक पहुंचा दिया। वह 39 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, शुभमन गिल 80 रन के स्कोर पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने तीन और ट्रेंट बोल्ट ने एक विकेट लिया। 398 रन का पीछा करते हुए कीवी टीम ने चौके के साथ शुरुआत की। हालांकि, शमी ने लगातार दो ओवरों में विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट में ढकेल दिया। कॉन्वे और रचिन 13 रन के स्कोर पर आउट हुए। 39 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद कीवी टीम मुश्किल में थी। ऐसे में केन विलियम्सन ने डेरिल मिचेल के साथ शानदार साझेदारी कर कीवी टीम को मैच में वापस ला दिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी की। इस दौरान भारतीय टीम ने कुछ गलतियां भी कीं। शमी ने विलियम्सन का आसान कैच छोड़ा, लेकिन उन्होंने ही विलियम्सन को 69 रन के स्कोर पर आउट कर भारत की वापसी कराई। इसी ओवर में उन्होंने टॉम लाथम को आउट कर दिया। लाथम अपना खाता तक नहीं खोल सके। ग्लेन फिलिप्स ने मिचेल के साथ साझेदारी कर न्यूजीलैंड को मैच में बनाए रखा। दोनों के बीच 75 रन की साझेदारी हुई। फिलिप्स 41 रन के स्कोर पर आउट हुए और मैच में टीम इंडिया वापस आ गई। इसके बाद चौपमैन भी दो रन बनाकर आउट हो गए। रन गति का दबाव बना तो मिचेल भी 134 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए। यहीं से भारत की जीत पक्की हो गई। सैंटनर और साउदी नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे। फर्ग्यूसन छह रन बनाकर आउट हुए। बोल्ट दो रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए शमी ने सात विकेट लिए। बुमराह, सिराज और कुलदीप को एक–एक विकेट मिला।

## नई दिल्ली–दरभंगा एक्सप्रेस में भीषण आग से 250 लोग प्रभावित

प्रखर एजेंसी। इटावा में बुधवार को नई दिल्ली–दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस के जनरल कोच में आग लग गई। ताजा जानकारी के मुताबिक, ट्रेन के तीन कोच में आग लगी थी। फिलहाल, हालात पर काबू पा लिया गया है। ट्रेन नंबर 02570 के जनरल कोचों में आग लगी थी। ट्रेन सरायभूपत स्टेशन पर रुकी थी। जिसके बाद रात 8.18 बजे ट्रेन को बिहार के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां घटना स्थल के लिए रवाना हो गई थी। फिलहाल, कानपुर में तीन कोच को जोड़ा जाएगा। हादसे में 200 से 250 लोग प्रभावित हुए हैं। इटावा के एसएसपी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन की 3 बोगियों में आग लगी थी। मौजूदा रिपोर्ट के मुताबिक, आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घायलों की सही संख्या अभी पता नहीं है। बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इटावा में बुधवार को नई दिल्ली–दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस के जनरल कोच में आग लग गई। ताजा जानकारी के मुताबिक, ट्रेन के तीन कोच में आग लगी थी। फिलहाल, हालात पर काबू पा लिया गया है। ट्रेन नंबर 02570 के जनरल कोचों में आग लगी थी। ट्रेन सरायभूपत स्टेशन पर रुकी थी। जिसके बाद रात 8.18 बजे ट्रेन को बिहार के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां घटना स्थल के लिए रवाना हो गई थी। फिलहाल, कानपुर में तीन कोच को जोड़ा जाएगा। हादसे में 200 से 250 लोग प्रभावित हुए हैं।

## रहस्यमय परिस्थितियों में जिला जेल में विचाराधीन कैदी की मौत, परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।जिला जेल में बंद विचाराधीन कैदी की बुद्धवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के फातिमपुर गांव निवासी अमन कुमार (21) जिला जेल में बंद था। उस पर पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मामला न्यायालय में मामला विचाराधीन है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 21 अक्तूबर को बंद अमन सुबह नौ बजे जेल के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। इसकी जानकारी होते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। उधर, घटना की जानकारी होने परिवार के लोग बहरियाबाद थाने में पहुंच गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के फातिमपुर निवासी खुरचुन राम के गाजीपुर जेल में बंद इकलौते पुत्र अमन कुमार के बुधवार की सुबह आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। रोते–विलखते स्वजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ बहरियाबाद थाने पहुंचे और जेल प्रशासन को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए लगभग तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी जखनियां को पत्रक देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह द्वारा मजिस्ट्रेटियल जांच के आश्वासन के बाद स्वजन धरना समाप्त कर लाश के पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर रवाना हो गये। मौके पर सी ओ सैदपुर विजय आनंद शाही सहित अन्य थानों की पुलिस व पीएसी मौजूद रही। बताते चलें कि मृतक अमन कुमार बहरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले मे पीड़िता के पिता की तहरीर पर बहरियाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बीते 21 अक्टूबर को जेल भेज दिया था। मौत की सूचना के बाद थाने पर प्रदर्शन कर रहे मृतक के पिता खुरचुन राम व बहन पूजा ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन द्वारा मृतक अमन कुमार को प्रताड़ित किया जाता था। बीते 8 नवम्बर को मिलने जेल पहुंचे चचेरे भाई विजय कुमार से मृतक ने बताया कि हमसे कठिन श्रम कराया जाता है। जेलकर्मियों द्वारा इससे मुक्ति के लिए बैरक हेतु रुपये की मांग की जा रही है। जिस पर हम लोगों ने 10 अक्टूबर को चार हजार रुपये भेजवा दिया था। आगे बहन पूजा ने बताया कि हम व अन्य दो बहनें सुनीता तथा संगीता बीते मंगलवार को भाई से मिलने जेल गई थी। भाई ने जब जमानत के बारे पूछा तो बतलाया गया कि अगले शनिवार 18 नवम्बर तारीख है।

## पिंडरा विस क्षेत्र के एक दर्जन सड़को का होगा कायाकल्प

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विस् क्षेत्र के एक दर्जन सम्पर्क मार्गो का कायाकल्प लोकनिर्माण विभाग करेगा। इसके लिए 2 करोड़ से अधिक रुपये खर्च करेगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी सूचि में पचारसी –करमपुर मार्ग जो काफी लंबे समय से जनता द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने की मांग की जा रही थी उसे 33 लाख रुपए की अधिक राशि से ठीक करेगा। वही रामपुर कुआर मार्ग, बेलवा – लखमीपुर मार्ग, छोटी बरजी– भरावर मार्ग, भानपुर– गरथमा मार्ग, पिंडरा– कठिराव मार्ग पर स्थित रामपुर सम्पर्क मार्ग व ताड़ी बाजार – अनेई सम्पर्क समेत एक दर्जन सम्पर्क मार्गो का मरम्मत करेगा।

इस बाबत विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि उक्त सम्पर्क मार्ग का कायाकल्प अगले माह से शुरू हो जाएगा।

## प्रेमिका से अनबन के बाद प्रेमी ने ब्लेड से काटा खुद का गला हालत गंभीर



प्रखर सहजनवा,गोरखपुर। सहजनवां थाना अंतर्गत पाली क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा के विजौवा गांव निवासी नीरज गौतम उर्फ अंकित पुत्र स्वर्गीय सुभाष उम्र 18 वर्ष ने बुधवार को समय लगभग छः बजे करीब अपनी प्रेमिका के रूठ जाने पर स्वयं का गले पर ब्लेड से कई वार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी अनुसार लक्ष्मी गणेश मूर्ति विसर्जन के समय नीरज गौतम शराब के नशे की हालत में था। नीरज के द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार उसकी प्रेमिका उससे नाराज थी। जिससे वह शराब के नशे की हालत में मूर्ति विसर्जन में जाते समय ही ब्लेड से वह अपने गले को काट लिया। भीड़ में उपस्थित साथियों ने तत्काल उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार ले आए। परंतु वह अस्पताल से बार बार भागने का प्रयास करता रहा।मौके पर उपस्थित चौकी प्रभारी घघसरा अपने सहयोगियों के साथ स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो घायल सहित पांच पशु तस्कर गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वाट टीम, थाना नंदगंज पुलिस व थाना रामपुरमांझा की संयुक्त टीम द्वारा दौराने मुठभेड़ दो घायलों सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन गोवंश सहित एक स्कार्पियो, एक पल्सर मोटर साईकिल, दो तमंचा 315 बोर व छह खोखा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात मुखबीर से सूचना मिली थी कि बिहार से कुछ पशु तस्कर जिले में आये हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम तस्करों की खोज में गस्त में लगी रही। उसी दौरान थानाध्यक्ष नन्दगंज मय टीम क्षेत्र के देवकली तिराहे पर चेकिंग कर रही थी तभी वहां आ रही स्कार्पियो व मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया और फिर तरांव की तरफ भागे। उनका पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा यह सूचना प्रसारित की गयी। इस सूचना पर थानाध्यक्ष रामपुरमांझा व स्वाट टीम द्वारा मोर्चा बन्दी कर उन्हें घेरघार कर रोकने के प्रयास किया गया। अपने को घिरते देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायर करते हुए चकेरी की तरफ भागने की कोशिश की। जहाँ पर पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी कार्यवाही के दैरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी व अन्य तीन बदमाशों को घेरघार कर पकड़ लिया गया। घायल अभियुक्तों में राजेश शाह पुत्र रामायन शाह निवासी ग्राम छाटा थानां दुर्गावती जिला कैमूर बिहार तथा प्रमोद यादव पुत्र विनोद सिंह यादव निवासी ग्राम अकोठी मेला थानां दुर्गावती जिला कैमूर बिहार रहे। इनके अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेश यादव पुत्र वंश नारायन यादव निवासी ग्राम अकोठी मेला थानां दुर्गावती जिला कैमूर बिहार, राहुल यादव पुत्र बुग्गी यादव व सजीवन राजभर पुत्र लक्ष्मण राजभर निवासीगण ग्राम छाता थाना दुर्गावती जिला कैमूर बिहार रहे। घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नंदगंज मय पुलिस टीम, थानाध्यक्ष रामपुरमांझा मय पुलिस टीम व स्वाट प्रभारी मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## सुब्रत रायॅ सहारा श्री का निधन अन्तिम दर्शन के लिये उमडा जनशैलाब



### पूर्व सीएम अखिलेश ने जताया दुःख

प्रखर डेस्क। सहारा श्री सुब्रत रायॅ का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वह गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। बीते कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ लाया गया। लखनऊ में ही उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। वह एक गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। मुंबई के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर सुब्रत राय के निधन पर दुख प्रकट किया है। सहारा श्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति हैं क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ–साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदयवाले व्यक्ति भी थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की उनका सहारा बने। सुब्रत रॉय की जिंदगी पर निर्माता संदीप सिंह और जयंतीलाल गड़ा फिल्म बनाने जा रहे थे। उन्होंने अपनी नई फिल्म श्सहाराश्रीश का एलान किया था। जो सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है। इस एलान के साथ सुदीप्तो सेन, संदीप सिंह और जयंतीलाल गड़ा ने सहाराश्री का मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है। 10 जून 1948 को हुआ था जन्म सुब्रत रॉय सहारा का जन्म 10 जून 1948 को हुआ था। वे भारत के प्रमुख कारोबारी और सहारा इंडिया परिवार के फाउंडर थे। उन्हें देशभर में सहाराश्री के नाम से भी जाना जाता था। बिहार के अरारिया जिले में जन्मे सुब्रत रॉय ने कोलकाता के होली चाइल्ड स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने राजकीय तकनीकी संस्थान गोरखपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया। सहाराश्री ने वर्ष 1978 में गोरखपुर से अपना व्यवसाय शुरू किया।

# मध्यप्रदेश में नहीं चली 'मत' वाली हवा—ऋतुपर्ण दवे

पहले नवरात्रि फिर दशहरा अब धनतेरस, दिवाली, गोवर्धनपूजा, भाई दूज और तुरंत बाद थमता प्रचार। मध्यप्रदेश में इस बार लगभग आधी से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव जैसा कुछ लगा नहीं। बीच में खामोशी को चीरते एकाध प्रचार वाहन में लगे लाउड स्पीकर से प्रत्याशी के समर्थन में रिकॉर्डेड गीत व अपील क्या पता कितना असर डाल पाए? इस बार वाकई में विधानसभा चुनाव बिल्कुल कोलाहल विहीन रहा।लेकिन प्रदेश में सभी सीटों पर लड़ रही दोनों दिग्गज पार्टियों भाजपा—कांग्रेस के बड़े—बड़े नेताओं के बांह सिकोड़ अंदाज में खबरिया चौनलों में आ रहे बयानों से मतदाताओं का रुख समझ पाना बड़ा टेढ़ा काम रहा। नामांकन भरने से लेकर नाम वापसी तक जरूर थोड़ी सक्रियता दिखी लेकिन बाद में यह सक्रियता सिवाय बड़े नगरों के गांव—गांव, डगर—डगर नहीं दिखी। इसका मतलब यह नहीं कि मतदाता खामोश है। हवा का रुख भांपने वाले राजनीतिक पण्डित भी इस बार अलग ही दिखे।बावजूद इसके न तो भाजपा और न ही कांग्रेस यह मानने को तैयार नहीं कि सत्ता के सिंहासन में वह पीछे है। कौन जीतेगा, कौन हारेगाइसको लेकर प्रत्याशी चयन का सर्वे कहां हुआ किसने किया, किससे पूछा गया कुछ नहीं पता।बस पता है तो इतना कि चंद घण्टों बाद ईवीएम की बीप के साथ मत मशीन मेंदर्ज जाएगा लेकिन 'मत'वाली हवा पहले तेज चलीफिर एकाएक ठण्डी पड़ गई। न कोई तूफान दिखा न ही राजनीतिक मौसम में मध्यप्रदेश के चुनावी सागर में कोई बिपरजॉय आया और न ही मोका। चुनाव बिना किसी लहर के होते दिख रहे हैं। कहां इस बार कुछ इस तरह का माहौल शुरु—शुरू में बना कि लगा चुनाव में एन्टी इन्कम्बेन्सी दिखेगी लेकिन त्योहारों के दौरान जिस तरह की शांति और उदासीनता खासकर कांग्रेस में दिखी उससे सत्ता के समीकरण का गणित हल करने वाले भी अब थोड़ा सशंकित हैं। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों को लेकर अलग—अलग कयासहैं। प्रदेश की राजधानी और भोपाल—नर्मदापुरम संभाग का सियासी पारा मिला जुला सा लग रहा है। यहां 36सीटें है जिस पर सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। इनमेंभाजपा 12तो कांग्रेस 10 विधानसभामें पूरे दमखम से लगी है जबकि 14 सीटों पर बहुत ही संघर्षपूर्ण स्थिति है।ग्वालियर—चंबल क्षेत्र का अपना अलग राजनीतिक रसूख है।यहां विधानसभाकी 34 सीटों में 19 पर कांग्रेस तो 6 पर भाजपा और 2 पर बसपा चुनौती देती दिख रही है जबकि बांकी7 पर कांटे का मुकाबला है। यहां बसपा में बढ़ोत्तरी के साथ सीटें 2018 जैसी आएं तो हैरानी नहीं होगी। इन्दौर संभाग की 37 सीटों पर काफी रोचक स्थिति दिख रही है। यहां 24 सीटों पर फिफ्टी—फिफ्टी वाली स्थिति है तो 8 सीटों पर संघर्षपूर्ण स्थिति और 4 सीटों पर भाजपा—कांग्रेस दोनों को भितरघातियों से डर है। जबकि 1 सीट पर बागी प्रत्याशी कांग्रेस के लिए मुश्किल बना है। उज्जैन संभाग की 29 विधानसभा सीटों पर भी स्थिति काफी कुछ साफ सी दिख रही है।यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 10 और 3 पर कांटे की स्थिति बनी हुई है। इस तरह मालवा—निमाड़, ग्वालियर चंबल, उज्जैन और भोपाल—नर्मदापुरम की 136 सीटों पर ऊंट किस करवट बैठेगा समझ आ रहा है। इस बार महाकौशल यानी जबलपुर संभाग की 38 सीटों को लेकर भाजपा—कांग्रेस दोनों ही आशान्वित हैं। लेकिन जनता का रुख और बागियों व भितरघातियों का खेला अलग ही कर दिखाने पर आमादा हैं। शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस—भाजपा दोनों ने ही उम्मीदें पाल रखीं हैं।यहां कांग्रेस 16 भाजपा 11 और 1 पर निर्दलीय जबकि 10 पर स्थिति अस्पष्ट है। इसी को लेकर तेज गुफ्तगू सुनाई दे रही है। सागर संभाग में 26 विधानसभा सीटें हैं। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 8 तो सपा—बसपा 1—1 पर चुनौती देती दिख रही है। आप पार्टी भी एक या दो सीटों पर कांग्रेस—भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है। विन्ध्य अंचल जिसमें रीवा और शहडोल संभाग आते है।

## गोवर्धन पूजा समिति द्वारा भव्य गोवर्धन पूजनोत्सव का आयोजन , निकाली गयी विशाल शोभायात्रा




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गोवर्धन पूजा समिति द्वारा भव्य गोवर्धन पूजनोत्सव का आयोजन किया गया जिसके क्रम में प्रातः से ही गोवर्धन धाम में विधिवत् हवन—पूजन भाला यादव एवं भोला यादव के द्वारा सम्पन्न कराया गया जिस दौरान सुबह से ही गोवर्धन धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही इसके बाद हथुआ मार्केट, चेतगंज में समिति के अध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से सुंदर झाँकियों का प्रदर्शन होता रहा शोभायात्रा का शुभारम्भ पूर्व सांसद एवं मंत्री धर्मपाल यादव ने किया। शोभायात्रा पूर्वांचल में विभिन्न अखाड़ों के पहलवान, विभिन्न क्षेत्र के कलाकारों की उपस्थिति बहुतायत रही लंका, कतुआपुरा के मनरी कलाकार , डमरूवादक, हाथी, घोड़ा, कलाकारों द्वारा डांडिया, नृत्य, भगवान स्वरूप नृत्य, आग वाली जोड़ी, फर्री कलईया आकर्षण का केन्द्र रही शोभायात्रा का बीच—बीच में जलमान, तोरण द्वार, अंगवस्त्र, पुष्पहार एवं पुष्प वर्षा से स्वागत होता रहा। रास्ते में बसंत बहार लहुराबीर,भईयालाल यादव, कबीरचौरा यादव समाज द्वारा खीर वितरण, सप्तसागर यादव समाज द्वारा फल वितरण, गोला दीनानाथ व्यापार मण्डल द्वारा साफा वितरण, केशरी व जायसवाल बंधुओं द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। शोभायात्रा मैदागिन, मछोदरी, प्रहलादघाट होते हुए सायं 5.00 बजे गोवर्धन धाम पहुँची और लोगों ने गोवर्धनधारी का दर्शन एवं छप्पन भोग प्रसाद ग्रहण किया और सभा में सम्मिलित हुए। गोवर्धन पूजा समिति द्वारा गोवर्धन धाम नमोघाट पर बने मुक्ताकाशी मंच पर समिति के अध्यक्ष विनोद यादव गप्पू की अध्यक्षता में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति शेखर यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में डी. पी यादव, सुधा यादव, गिरीशचन्द्र यादव (मंत्री) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शेखर यादव ने श्री कृष्ण भगवान के उपदेशों को याद दिलाते हुए बताया कि संसार में कोई भी कार्य कठिन नहीं है मैं भी एक साधारण परिवार में जन्म लेकर न्यायाधीश तक का सफर तय किया और हमारा जीवन भी आप लोगों की तरह ही सामान्य है भगवान कृष्ण ने सदैव समानता की बात की और जिस समाज में समानता नहीं होगी वह समाज कभी भी उन्नति नहीं कर सकता । विशिष्ट अतिथि डी.पी. यादव ने कहा गोवर्धन पूजा समिति द्वारा यह पूजनोत्सव पूरे देश में सबसे भव्य होता है शिव की नगरी पूरी तरह कृष्ण मय हो जाती है उन्होंने समाज को संदेश देते हुए बताया कि दहेज हमारे समाज का सबसे बड़ा रोड़ा है इसे समाप्त किए बिना समाज का विकास कभी नहीं हो सकता।

# पाने खातिर वोट !

**कृष्णेन्द्र राय**



बोल रहे अपशब्द अब ।
पाने खातिर वोट ।।
मिल जाए बस मौका ।
इसलिए ये चोट ।।
बोल कर अब कुछ भी ।
होगा रहना व्यस्त ।।
बुरा नहीं पर हम ।
करते ये आश्वस्त ।।
है लेकिन मजबूरी ।
करें इसे स्वीकार ।।
बढ़ गईं यदि सीटें ।
है बड़ा उपहार ।।
जोर आजमाईश ।
ऐसे चलने वाली ।।
ना समझना इसको ।
पुलाव पर ख◌याली

# दर्जनो दलित महिला— पुरुष सपा में हुए शामिल

**सिद्धीकपुर गांव में आयोजित हुआ सदस्यता सम्मेलन**

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धीकपुर गांव में दलित बस्ती में समाजवादी पार्टी की बैठक हुई ।जिसमें दर्जनों दलित महिला पुरुष सपा की सदस्यता लेते सपा मे शामिल हो गए। लोगों ने बढ़ती हुई महंगाई को जिम्मेदार बताया । समाजवादी पार्टी की कार्यकर्ता एव सदस्यता सम्मेलन सिद्दीकपुर के दलित बस्ती प्यारेलाल भारती के निवास स्थान पर हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को नाकाम सरकार बताया और कहा यह भेदभाव से कम कर रही है। सपा नेता अमित यादव ने कहा कि बाबा साहब के सपनों का सर्वजन एकता की समाजवादी भारत बनाने के लिए सपा बीड़ा उठाया है। सत्ता के करनी कथनी के अंतर के चलते अब लोग अपनी मानसिकता बदल रहे हैं और समाजवादी पार्टी में की नेतृत्व को स्वीकार कर रहे हैं। दलितों के साथ अन्याय बढा है और समाजवादी पार्टी दलितों के साथ खड़ी है। सदर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि लोग अपनी मन्सा को बदल रहे हैं और पिछड़े दलित तेजी के साथ सपा से जूड़ रहे हैं। उनके साथ अन्याय हो रहा है। इस दौरान 80 से अधिक लोग सपा की सदस्य लिए और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए ।बैठक का संचालन सेक्टर प्रभारी दारा सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर प्यारेलाल की अगुआई में लोग समाजवादी पार्टी कि सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर बूथ प्रभारी राजेश यादव, राजबहादुर यादव, शंकर गौतम, भोला गौतम, रविशंकर गौतम, राजेश गौतम, फेरई गौतम, रमेश भारती, निर्मला देवी ,सुशीला देवी ,राजपति देवी, सुमित्रा देवी ,मीणा लोग मौजूद रहे।

# श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव पर कायस्थ महासभा ने निकाली शोभायात्रा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में उर्दू बाजार स्थित अजय कुमार श्रीवास्तव के आवास से भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात निकाली गयी । गाजे—बाजे, हाथी, घोड़े, ध्वज पताकाओं से सुसज्जित शोभायात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के अलावा शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, दुर्गा माता के साथ साथ भारत माता एवं समाज के महापुरुष स्वामी विवेकानंद, डॉ राजेंद्र प्रसाद,लाल बहादुर शास्त्री, डॉ सुभाष चन्द्र बोस, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, शहीद खुदीराम बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ सम्पूर्णानंद, फिराक गोरखपुरी, महाकवि गोपाल दास नीरज, हरिवंश राय बच्चन मेगा स्टार अमिताभ बच्चन, फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा,महान प्ले बैक सिंगर मुकेश कुमार , मशहूर कामेडियन स्व.राजू श्रीवास्तव आदि की झांकी भी शामिल थी ।

इस शोभायात्रा में समाज के नौजवान जय चित्रांश का झंडा लेकर बड़े उत्साह के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त जी का जयकारा लगाते चल रहे थे तथा साथ में आतिशबाजी भी करते चल रहे थे । इस शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। महिलाएं,बच्चे और पुरुष सभी भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। लगातार 20वर्षों से निकल रही यह शोभायात्रा आज शहर में आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनी रही । यह शोभायात्रा उर्दू बाजार से आरंभ होकर चीतनाथ, टाउन हॉल, लाल दरवाजा, मिश्रबाजार, महुआ बाग होते हुए चित्रगुप्त मंदिर ददरीघाट पर जाकर समाप्त हुई ।

शोभायात्रा आरंभ होने के पूर्व इस शोभायात्रा में शामिल बतौर अतिथि सदर विधायक माननीय जै किशन साहू , जंगीपुर विधायक डॉ वीरेंद्र यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह,पुर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील राम, पुर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा को जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं जिला महामंत्री अरूण सहाय द्वारा स्मृति चिन्ह, अंगम् वस्त्रम् एवं कलम देकर सम्मानित किया गया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव, अरुण सहाय, मनीष श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, पियूष श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव, विपिन बिहारी वर्मा, प्रभात श्रीवास्तव, अमर सिंह राठौर, राजेश कुमार श्रीवास्तव, पप्पू लाल श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, विपिन कुमार डब्बू, गौरव श्रीवास्तव, कमल प्रकाश श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, लाल जी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव,प्रमोद श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,संजय श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रशान्त श्रीवास्तव, सुभांषु श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव,आर्यन श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, गुड्डू श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे । इस शोभायात्रा के संयोजक अजय कुमार श्रीवास्तव ने शोभायात्रा में शामिल सभी अतिथियों एवं चित्रांश बन्धुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया ।

# रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य, ट्रैक्शन विजय प्रताप सिंह का हुआ बरेका दौरा

प्रखर वांराणसी। रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य( ट्रैक्शन) विजय प्रताप सिंह ने बरेका का दौरा किया। इस अवसर पर कर्मशाला निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरेका के विभिन्न कार्यशालाओं जैसे लोको फ्रेम शॉप, लोको असेम्बली शॉप, लोको टेस्ट शॉप, होंर्नेस शॉप,ट्रक मशीन शॉप में विद्युत रेल इंजनों के उत्पादन से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर,श्री एस.के श्रीवास्तव एवं मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको श्री अरूण कुमार शर्मा ने उत्पादन गतिविधियों, लोको निर्माण सुविधाओं बरेका में चल रही परियोजनाओं के साथ ही उत्पादन प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी विषयों के बारे में विस्तारपुर्वक जानकारी दी । बरेका आगमन पर सर्वप्रथम रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य( ट्रैक्शन) विजय प्रताप सिंह ने महाप्रबंधक श्री बासुदेव पांडा से शिष्टाचार भेंट की।तत्पश्चात बरेका कीर्ति कक्ष में आयोजित बैठक में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री एस.के. श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य( ट्रैक्शन) श्री विजय प्रताप सिंह को पौधा देकर स्वागत किया। इस बैठक के दौरान प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री एस.के. श्रीवास्तव ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बरेका में चल रहे लोको निर्माण से संबंधित एवं अन्य गतिविधियों सहित बनारस रेल इंजन कारखाना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

# हस्ताक्षर अभियान व स्वास्थ्य शिविर में प्रवासियों को मधुमेह के प्रति किया गया जागरूक, डाईबीटीज एवं एचआईवी की हुई जाँच




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रगति पथ फाउंडेशन द्वारा भारत माता मंदिर परिसर वाराणसी में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के लक्षित हस्तक्षेप परियोजना वाराणसी के अंतर्गत विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रवासी मजदूरों को डाईबीटीज के लक्षण, बचाव के तरीकों, डाईबीटीज की जाँच व एचआईवी स्क्रीनिंग की गयी डाईबीटीज के प्रति लोगों को स्वयं के देखभाल के लिए हस्ताक्षर अभियान द्वारा प्रतिज्ञा दिलाई गयी। कार्यक्रम में पं दीनदायल अस्पताल के आईसीटीसी सेंटर के वरिष्ठ काउंसलर डॉ० राजेश मिश्रा, डाटा मैनेजर अजित श्रीवास्तव, एआरटी सेंटर से काउंसलर सुष्मिता सिंह, श्री राघवेंद्र व एसटीआई विभाग के श्री मनीष व डॉ रश्मित त्रिपाठी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ० राजेश मिश्रा ने बताया कि जिन लोगों को एचआईवी की समस्या है उन लोगों में डायबिटीज की स्थिति पैदा होने के चांसेस बढ़ जाते हैं डायबिटीज के कुछ रिस्क फैक्टर्स में एचआईवी का नाम भी आता है इसलिए डायबिटीज और एचआईवी यह दोनों ही समस्याएं एक—दूसरे से जुड़ी हुई मानी जाती हैं जिन लोगों में क्रॉनिक इन्फ्लेमेशन की समस्या होती है उन लोगों में डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है द्य जब इम्यून सिस्टम का रिस्पॉन्स बिगड़ जाता है तो यह हमारे शरीर के अलग—अलग भागों को नुकसान पहुंचाने लगता है इसी वजह से व्यक्ति को डायबिटीज और एचआईवी दोनों ही समस्याएं एक साथ हो सकती हैं इस स्थिति से बचने के लिए एचआईवी ट्रीटमेंट और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर व्यक्ति इन्फ्लेमेशन की समस्या को सामान्य बनाए रख सकता है। प्रवासी मजदूरों का एचआईवी स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण और डायबटीज जाँच की गई जिसमें सभी डायबटीज के बढ़ते ग्राफ को कम करने हेतु जागरूक किया गया डॉ द्वारा मौसमी बीमारी के लिए पैरासीटामोल, विटामिन, एंटीबायोटिक व टीवी के लक्षणों को बताते हुए लक्षित व्यक्ति को पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल रेफर किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शालिनी द्वारा किया गया और शागिना, मनोज, गौतम व पियर्स अनीता,अनीता ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में भारत माता मंदिर में निर्माणाधीन रोपवे के प्रवासी मजदूरों की सक्रिय सहभागिता रही ।

# सुख शांति समृद्धि एवं लोक कल्याण के लिए कराया श्री महालक्ष्मी महायज्ञ



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी की प्रमुख सामाजिक सांस्कृतिक एवं समाजसेवी संगठन युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज टाउनहाल के प्रांगण में चल रहें पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजनोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को सुंदरकांड का पाठ का भव्य आयोजन किया गया द्य श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति नें सर्वप्रथम पंच प्रतिमाओं प्रथम पूज्य श्री गणेश , सरस्वती जी , महालक्ष्मी जी, माता काली एवं महाबली हनुमान को पुष्प अर्पित कर समाज के सुख समृद्धि एवं लोक कल्याण के लिए के साथ पूजन किया द्य सुंदरकांड का पाठ एवं भजन श्रीमानस मंडल चौखम्भा के भक्त जनों नें संयुक्त रूप से किया। ढोलक पर दुर्गा प्रसाद शशि हारमोनियम पर सौरभ उपाध्याय सहित अजय अग्रवाल नीलेश अग्रवाल आदित्य अग्रवाल नें पाठ एवं भजन किया द्य चौथे दिन 21 जोड़ो नें परिवार एवं समाज की सुख समृद्धि के लिए महालक्ष्मी श्रीयंत्र की विधि विधान से पूजन अर्चन किया विकास महाराज नें वैदिक एवं शास्त्र सम्मत तरीके से अरणी मंथन कर अग्नि प्रज्वलित कर श्री महालक्ष्मी महायज्ञ प्रारम्भ कराया। यज्ञवेदी में स्वाहा की गूंज से आसपास का वातावरण सकारात्मक एवं विशुद्ध हो गया द्य रात्रि में लोककल्याण की कामना के साथ महायज्ञ में दर्जनों पदाधिकारियों नें पृथ्वी के सभी देवताओं का आह्वान कर एक साथ आहुतियाँ डाली वहां उपस्थित सभी भक्त जनों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजय कृष्ण अग्रवाल नें बताया कि बुधवार को श्री महालक्ष्मी का पुष्प श्रृंगार एवं अन्नकूट पूजा के पश्चात कलश विसर्जन किया जायेगा द्य संचालन सलिल अग्रवाल एवं संयोजन दिव्य ,विभव बंसल ,आमोद अग्रवाल, विनय अग्रवाल और अमिता अग्रवाल नें किया। उक्त अवसर पर संरक्षक अनिल अग्रवाल ,अमित अग्रवाल , प्यारे कृष्ण अग्रवाल , संजीव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सीए बजरंग अग्रवाल ,अरविन्द सिकारिया, सुयश अग्रवाल , सुनीता अग्रवाल , उर्मिला अग्रवाल , सहित सैकड़ो भक्तजन उपस्थित रहें ।

# जमीन को फर्जीवाड़े तरीके से हथियाने की कोशिश करने वालो के खिलाफ पीड़ित ने दिया तहरीर

प्रखर गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के पीड़ित देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामलौट सिंह ग्राम खीरीडांड, पोस्ट– हरपुर बुदहट, – थाना सहजनवा, जनपद गोरखपुर ने बताया कि प्रार्थी के पिता रामलौट सिंह जिनकी उम्र लगभग 95 वर्ष है जिनका दिमागी संतुलन वृद्धा अवस्था होने के कारण सही नहीं रहता है। जो की प्रार्थी के पिता रामलौट सिंह से अनीता पत्नी मोहित ग्राम रानीपुर ( मनोहर चक) पोस्ट भभराबारी, तहसील– – सदर, जनपद महाराजगंज के स्थायी निवासी हैं जो हमारी जानकारी के बिना हमारे पिता जी की जमीन का एग्रीमेंट पेपर धोखे से तैयार कर हस्ताक्षर ले लिया अनीता ने पिता जी को गुमराह करते हुए पांच– पांच हजार रूपए नगद दिए है बाकि बोली की चेक दे देंगे उक्त एग्रीमेंट में कुल रकम रु० 5,30000६– तय किया गया था अभी तक न तो चेक दिए और न ही नगद दिया।विदित हो कि उक्त एग्रीमेंट जो की 1 साल के लिए एग्रीमेंट था एग्रीमेंट का समय समाप्त होने पर हम प्रार्थी अनीता को दस हजार रु० देने उनके घर गये बोला की आप पैसा वापस ले लीजिये और हमारा खेत खाली कर दीजिये तो उक्त अनीता व उनके भाई गणेश ने हम प्रार्थी को धमकी देने लगे और कहने लगे कि न तो हम रुपया देंगे और न ही तुमको खेत वापस करेंगे और कहें कि जायदा जोर जबरदस्ती करोगे तो हम तुम लोगो पर ैंढ ैज एक्ट लगवा देंगे। उक्त लोग काफी मनबढ़ व दबंग किस्म के लोग है और जबदस्ती हम प्रार्थी के पिता जी की जमीन बिना रुपया दिए हड़पना चाहते है।पीड़ित ने कहा कि उक्त प्रकरण की जाँच कराकर उक्त लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए हम प्रार्थी के पिता जी की जमीन अनीता व उनके भाई गणेश से दिलवाने की कृपा करें।वही पीड़ित ने बताया कि विपक्षी जमीन को हड़पना चाहता है।वही थाना प्रभारी सहजनवां इत्यानन्द पांडेय ने कहा कि मामला संज्ञान में है जांच करा कर कार्यवाही किया जायेगा।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई महान सेनानी विरसा मुंडा की जयंती



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकास भवन सभागार गाजीपुर में परियोजना निदेशक राजेश यादव के अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन व्यक्तित्व एवं उनके वीरतापूर्ण कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। परियोजना निदेशक राजेश यादव ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि महान सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया गया। बिरसा मुंडा आजीवन जल जंगल जमीन के साथ साथ सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की। वे अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी शहादत दी। उनकी शहादत के ही परिणाम स्वरूप देश के बिभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी समुदाय ने अंग्रेजी हूकूमत को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के बिरूद्ध जनजाति समाज का अपना ब्याप्त एवं विशाल योगदान रहा है। उन्होंने आदिवासी समुदाय के संघर्ष को नई पहचान दिलाई। इस अवसर पर जिला विका अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# देश के राशन डीलर करेंगे 1 जनवरी 24 से देशव्यापी हड़ताल=गिरीश तिवारी

प्रखर लखनऊ। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन द्वारा यह घोषणा किया गया है कि 1जनवरी 24से देश के 5लाख38हजार राशन डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।और 16जनवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर राशन डीलर धरना प्रदर्शन करेंगे।यह जानकारी आज लखनऊ के एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने बताया।यह लड़ाई आर पार की होगी। जब तक राशन डीलरो का कमीशन नहीं बढाया जाता है तब वितरण बन्द किया जायेगा। राष्ट्रीय महासचिव विशम्बर बासु द्वारा 6तारीख को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष ओमकार नाथ झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई थी। उसमें इसकी रूपरेखा तैयार किया गया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्षध्प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी इसका जोरदार ढंग से समर्थन किया।25प्रदेशो से राष्ट्रीय पदाधिकारी इस बैठक मे दिल्ली में हिस्सा लिये।हाल के दिनों प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में लखनऊ में बहुत ही बड़ा सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें प्रदेश भर कोटेदार उपस्थित थे।जिसके मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी थे उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आप लोगों का कमीशन बढाया जायेगा लेकिन कुछ नही हुआ। सरकार के बार बार वादाखिलाफी से देश व प्रदेश के कोटेदार यह हड़ताल का निर्णय लिया है।

# सपा संस्थापक स्व० मुलायम सिंह यादव का 22 को जन्म दिवस मनाएगी सपा



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्व० मुलायम सिंह यादव का 85वां जन्म दिवस सपा मनाएगी द्य सपा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ष्लक्कड़ष्एवं सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रद्धेय नेता जी स्व० मुलायम सिंह यादव का जन्म दिवस 22 नवंबर को अर्दली बाजार स्थित पार्टी कार्यालय मे प्रातः 11 बजे मनाया जाएगा। जन्मदिन के अवसर पर उनके राजनीतिक जीवन संघर्ष पर परिचर्चा कर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा पूर्व सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि प्रखर समाजवादी लोकबन्धु राजनारायण की 106 वीं जयंती 23 नवंबर को पार्टी कार्यालय अर्दली बाजार मे प्रातः 11 बजे मनाई जाएगी एवं राजनिति मे उनके योगदान पर संगोष्ठी आयोजित कर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओ एवं सेक्टर प्रभारी एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया गया है।

# विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है वाराणसी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी – हंसराज विश्वकर्मा



प्रखर केराकत जौनपुर। वाराणसी के भाजपा जिलाध्यक्ष व एम एल सी हंसराज विश्वकर्मा ने कहाकि आज विश्व के सभी वर्ग मोदी को अपना नेता मानते है, और उनके द्वारा किए गये कार्यों का लोहा मानते है, इस समय देश के सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता वाराणसी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है, व कहा कि भाजपा में समर्पित होकर मेहनत से कार्य करने वाले कार्यकर्त्ता का सदैव सम्मान किया जाता है। बुधवार दोपहर सरकी बाजार में सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के उद्घाटन के दौरान वह कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी माने जाने वालों में शामिल हंसराज विश्वकर्मा ने कहाकि स्टेशन पर पिताजी के साथ चाय बेच रहे बालक आज भारत के सबसे शीर्ष पद पर तैनात है, जिसका साफ सन्देश है भाजपा में छोटा सा कार्यकर्ता भी ईमानदारी से काम करे तो वह शीर्ष पद पर पंहुच सकता है। विशिष्ट अतिथि धर्मा ग्रुप के चेयरमैन रामप्रसाद यादव उर्फ गुड्डू ने कहाकि भाजपा हर वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व व राजनैतिक सम्मान, उत्थान देने में विश्वास रखती है। हर वर्ग को नेतृत्व देकर भाजपा ने सबका साथ और सबका विश्वास के नारे को सही साबित किया है। इस मौके पर दुखरन विश्वकर्मा, नरोत्तम विश्वकर्मा, पंचदेव विश्वकर्मा, नरेंद्र प्रताप सिंह, रतन विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, उमाकांत सिंह, श्याम बहादुर सिंह, प्रेम प्रकाश यादव, अरविंद कुमार शाही रामशंकर कुमार, फिरेन्द्र यादव, अशोक यादव आदि रहे।

# रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा दीपावली मिलन समारोह दीपोत्सव का आयोजन




**दीपों का यह पर्व आपके परिवार में रोशनी की बहार करता है घर परिवार में सुख एवं समृद्धि प्राप्त होती है – उत्तम अग्रवाल**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा दीपावली मिलन समारोह दीपोत्सव का आयोजन गोकुल निकुंज, सारनाथ में मंगलवार की रात आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन उत्तम अग्रवाल पूर्व गवर्नर रहे उन्होंने उक्त अवसर पर कहा कि दीपों का यह पर्व आपके परिवार में रोशनी की बहार करता है और इस आयोजन से घर परिवार में सुख एवं समृद्धि प्राप्त होती है एवं पारिवारिक वातावरण उत्पन्न होता है जो वर्ष पर्यंत सभी सदस्यों में एक नई स्फूर्ति का संचार करता है। दीपों के पर्व के अवसर पर दीप द्वारा सजावट पूरे आकर्षण का केंद्र रही, रंगोली प्रतियोगिता, दिए की सजावट फैशन शो, रैम्प शो आदि का भी आयोजन उक्त अवसर पर किया गया सभी महिलाओं एवं बच्चों ने खूब जमकर भाग लिया विजेताओं को पुरस्कार आदि प्रदान किए गए। आतिशबाज द्वारा आकर्षक आतिशबाजी का इंतजाम किया गया , चाट एवं भोजन का सभी सदस्यों ने लुत्फ उठाया ।अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष अशोक अरोड़ा द्वारा संचालन पूर्व असिस्टेंट गवर्नर दीपक अग्रवाल द्वारा एवं धन्यवाद प्रकाश मनीष चौधरी सचिव द्वारा किया गया ।

# विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगतगुरु साईं मां लक्ष्मी देवी मिश्रा के शक्तिधाम आश्रम में लक्ष्मी पूजन का आयोजन जमकर हुई आतिशबाजी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगतगुरु साईं मां लक्ष्मी देवी मिश्रा के काशी स्थित शक्तिधाम आश्रम में दीपावली के पावन पर्व पर वैदिक विद्वान सुरेश कुमार शर्मा के आचार्यत्व में लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी परमेश्वरानंद दास महाराज, आश्रम के महंत महामण्डलेश्वर स्वामी अनंतदासजी महाराज , आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता, डेविड ओग्रेडी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। दीप पर्व के अवसर पर शक्ति धाम आश्रम में भव्य आतिशबाजी की गयी द्य अमेरिका से भेजें अपने बधाई संदेश में जगतगुरु साईं मां श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा ने प्रकाश पर्व दीपावली पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन को प्रकाशित करें। जीवन मे नयी उमंग और उत्साह का संचार करे प्रत्येक भारतवासियों को मेरी ओर से दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनायें ।

# अधिवक्ताओं ने गरीब असहायों में मिठाई बाँटकर धूमधाम से मनाया दीपावली



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शुभ दीपावली के अवसर पर काशी स्टेशन गंगा कुष्ठ आश्रम भदऊ चुंगी के पास कुष्ठ आश्रम निर्धन आवास के पास एडवोकेट प्रभु नारायण पांडेय अध्यक्ष दी सेंट्रल बार एसोसिएशन बनारस वाराणसी व अन्य समाज सेवियों के सहयोग से अधिवक्ताओं द्वारा गणेश लक्ष्मी पूजन और आरती करके गरीब ,असहाय, विकलांगों को बस्ती में मिष्ठान वितरण कर सुरूखद आनंद लिया गया और धूमधाम से मनाया दीपावली । मिष्ठान वितरण के दौरान एडवोकेट प्रभु नारायण पांडेय अध्यक्ष दी सेंट्रल बार एसोसिएशन बनारस वाराणसी,अधिवक्ता समाज के विनोद पांडे , दीपक राय कान्हा , चंद्रशेखर यादव , राजेश कुशवाहा , ग्रीन पीस नेचर , श्रीपति मिश्र ,चिल्लू यादव , विवेक पाठक , दिलीप सोनकर ,रंजीत राय ,राम मोहन बरनवाल , शंभू पंडित (कुष्ठ रोग आश्रम का कार्यभार ), विवेक पाठक ,ब्योमेश श्रीवास्तव , विजय पांडे , विपिन शुक्ला, ओम त्रिपाठी सहित इत्यादि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# विरसा मुंडा ने कम उम्र में ही अंग्रेजो के खिलाफ जंग छेड़ दी थी– आचार्य लक्ष्मण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी लोकनायक बिरसा मुण्डा की जयन्ती आज जनपद में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाई गयी। मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मण आचार्य जी महामहिम राज्यपाल सिक्किम ने लंका मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियो का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। स्वागत की इस घड़ी में स्कूली छात्राओ द्वारा स्वागत गीत एवं कलाकारो द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति मनमोहक रही। इस दौरान उन्होने जनपद के ऐसे अनुसूचित जनजाति के युवाओ को मेडल एवं अंगवत्रम देकर सम्मानित किया जिन्होने शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रो स्थान प्राप्त कर अपने जनपद का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल सिक्किम आचार्य लक्ष्मण जी ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि आज भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में पूरे देश मे मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुण्डा ने हमारे देश, अपनी संस्कृति, हमारे परम्पराओं, हमारे मूल्यों के लिए अपने प्राणो की आहूति देकर अपनी छोटी सी आयु मे बड़ा कार्य किया था। उन्होने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जनजातीय समुदाय के संस्कृति विरासत के संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा भारतीय मूल्यो को बढावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मै यहां इस जनपद में आया हूॅ, जनपद गाजीपुर संघर्षो एवं वीरो की धरती है तथा इस जनपद का बहुत ही गौरवशाली इतिहास रहा है। इस बलिदानी धरती ने देश के लिए बहुत कुछ दिया है। उन्होने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी लोकनायक विरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन, झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन हैं भगवान बिरसा मुंडा के पिता का नाम सुगना पूर्ति और माता का नाम करमी पूर्ति था। कम उम्र में ही बिरसा मुंडा की अंग्रेजों के खिलाफ जंग छिड़ गई थी, जिसे उन्होंने मरते दम तक कायम रखा था। बिरसा मुंडा और उनके समर्थकों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। जल, जंगल, जमीन और स्वत्व की रक्षा के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया। आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले भगवान बिरसा मुण्डा ने उलगुलान क्रांति का आह्वान किया। भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों–युगों तक प्रेरणा देती रहेगी। उन्होने कहा कि ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण की यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा तथा उन्होने अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी प्रथा और राजस्व व्यवस्था के साथ जंगल जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह एक विद्रोह ही नही था बल्कि अस्मिता और संस्कृति को बचाने की लड़ाई भी थी। उन्होने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार इसलिए उठाया, क्योंकि आदिवासी दोनों तरफ से पिस गए थे। एक तरफ, गरीबी थी तो दूसरी तरफ इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1882, जिसकी वजह से जंगल के दावेदार ही जंगल से बेदखल किए जा रहे थे। उन्होने इसके लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तौर पर विरोध शुरु किया और छापेमार लड़ाई की। 01 अक्टूबर 1894 को बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया ब्रिटिश हुकूमत ने इसे खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करके 1895 में हजारीबाग केंद्रीय कारागार में दो साल के लिए डाल दिया। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है. भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा को 3 फरवरी 1900 को चक्रधरपूर के कोपाई जंगल से अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 9 जून 1900 को 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम को गोंड़ महासभा तथा अनूसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोड़ ने भी सम्बोधित किया । कार्यक्रम के संयोजक विनोद खरवार ने स्वागत सम्बोधन तथा अध्यक्षता कमलेश गोड़ ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, अनुप खरवार, अमरेन्द्र खरवार, जितेन्द्र गोड़, शशिकांत खरवार,लाल जी गोड़, जिला प्रभारी अशोक मिश्रा, तथा कार्यक्रम में भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,अखिलेश सिंह,प्रो शोभनाथ यादव,शैलेश राम,विश्व प्रकाश अकेला, अच्छेलाल गुप्ता, अविनाश सिंह, रामराज बनवासी,नीरज खरवार, संजय खरवार, विजय खरवार,अजय खरवार, प्रदीप गोड़, सुरेश खरवार, सत्यप्रकाश खरवार, अभिनव सिंह छोटू, नीतीश दूबे, रंजीत कुमार, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह अभिशाप विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विकास खंड हरहुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत करोमा स्थित वनवासी बस्ती में आदर्श फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह अभिशाप विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 23 बच्चों ने भाग लिया द्य पेंटिग के माध्यम से बच्चों ने बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम को अपनी पेंटिंग में दर्शाते हुए इस सामाजिक कुसंगति को समाज से रोकने का अपील करते हुए नजर आये बच्चों ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान को भी पेंटिंग में दर्शाया। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता बच्चे नीता कुमारी, आंचल कुमारी, अनमोल कुमारी,रुक्मिना कुमारी, दुर्गा कुमारी,पायल कुमारी, पारो कुमारी, गुलशन वनवासी, विनय वनवासी, रोहित वनवासी और साहिल वनवासी को निर्जला देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, कलावती देवी और लक्ष्मी देवी द्वारा सम्मानित भी किया गया द्य आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की बाल विवाह जागरूकता को लेकर सरकार और कई संगठनों द्वारा कई तरह के कार्यक्रम चलाये जाते हैं इसके बावजूद अभी भी कुछ अभिभावक कम उम्र में बेटियों की शादी करने से परहेज नहीं करते इसे हर हाल में रोकने की जरूरत है बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। मौके पर वनवासी बस्ती करोमा के गणमान्य जन और आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।

# एनडीआरएफ टीम ने कुएं में गिरे व्यक्ति को जीवित बाहर निकाला




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चोलापुर थाना अन्तर्गत ग्राम कटारी में 50 फीट गहरे कुएं में एक व्यक्ति गिर गया था जिसे निकालने के लिए दूसरा व्यक्ति कुएं में उतरा और वह भी कुएं में फंस गया द्य जिला प्रशासन द्वारा घटना की जानकारी गौतम बुद्ध भवन, चौकाघाट स्थित एनडीआरएफ को दी गई ,मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक के निर्देशन में एनडीआरएफ टीम को तुरन्त घटनास्थल के लये रवाना किया गया। टीम ने घटना स्थल पर पहुँच कर रोप रेस्क्यू तकनीक के माध्यम से कुएं में फंसे एक व्यक्ति को जीवित बाहर निकाला और दूसरा व्यक्ति अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया जिसे स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया द्य जीवित निकाले गए व्यक्ति का नाम सुनील राम, उम्र 40 वर्ष और अचेत व्यक्ति का नाम रामचंद्र विश्वकर्मा, उम्र– 65 वर्ष दोनों गांव– कटारी, चोलापुर के रहने वाले हैं।

# फैशन शो और स्पोर्ट का हुआ आयोजन



**बच्चों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा, अभिभावक रहे मौजूद**

प्रखर शाहगंज जौनपुर। बुधवार को नगर के इराकियाना स्थित रॉयल कैम्ब्रिज स्कूल में बच्चों के लिए फैशन शो और स्पोर्ट का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों बच्चे स्पोर्ट और फैशन शो सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लेकर रैम्प पर उतरने के मौजूद अभिवाकों को आश्चर्यचकित कर दिया।तो वहीं स्पोर्ट में भाग लेने वाले बच्चों ने भी पूरी तन्मयता से तरह तरह के खेल खेल कर प्रशंसा बटोरी। उक्त मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक शफअत अशफाक सफ्फु भाई ने कहा कहा की खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है पढ़ाई के साथ साथ खेल आवश्यक है। फैशन शो और स्पोर्ट में हिस्सा लेने वालों बच्चों को विद्यालय की तरफ से पुरुस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर नाजिया, हुमैरा, नीतू, मुस्कान, फलक, जीनत, साबिया, आयशा, मरियम, दानिया, फात्मा सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

# मरीजों को बेहतर उपचार और अच्छी स्वास्थ सुविधा प्रदान करना ही मुख्य उद्देश्य – डॉ. फारूक अरशद




**कूबा मल्टीस्पेसीलिटी हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन**

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। आज की इस भागदौड़ की दुनियां में स्वास्थ पर बेहतर नियंत्रण रखना एक चुनौती के बराबर है।खान पान के अनियमिता के कारण भी लोग अक्सर बीमारी की चपेट में आजाते हैं।आज हमारे नव निर्मित हॉस्पिटल कूबा मल्टीस्पेसीलिटी हॉस्पिटल का उद्देश ही यही है हम और हमारा पूरा स्टाफ बेहतर उपचार और सुविधाएं प्रदान करें। उक्त बातें मंगलवार को कूबा मल्टीस्पेसीलिटी हॉस्पिटल के उद्घाटन के मौके पर हॉस्पिटल के डाक्टर डाक्टर फारूक अरशद ने कहीं। उन्होंने कहा की मरीजों कम पैसे में उपचार और हर तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। वहीं हॉस्पिटल के संचालक डाक्टर डाक्टर अरशद ने कहा की डॉक्टरी पेशा भी एक समाजसेवा है जो हम दशकों से करते चले आरहे हैं जो आगे भी निरंतर चलता रहेगा।

उक्त अवसर पर डाक्टर, महफूज, डाक्टर एसएल गुप्ता, डाक्टर देवी प्रसाद पुष्पजीवी, डाक्टर जेपी दुबे, डाक्टर जावेद, डाक्टर सरफुद्दीन, डाक्टर मासूम, डाक्टर आसिफ खान, मो. ताहिर, शैलेश नाग, आदि सहित सैकड़ों गणमान्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# खेतासराय सेंट डेविड स्कूल में बाल दिवस पर प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित



प्रखर खेतासराय जौनपुर। बाल दिवस पर कई शिक्षा संस्थानों में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर चाचा नेहरू को याद किया गया। विभिन्न स्कूलों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का भावपूर्ण स्मरण किया गया। स्कूलों में बाल मेला सहित रंगारंग कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। तो वहीं खेतासराय मनेछा स्थित सेंट डेविड स्कूल में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्कूल के संस्थापक रईस खान व प्रधानाचार्य रजनीश राव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद करने के साथ उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। खेलकूद व पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल में बच्चों के अलग–अलग ग्रुप बनाए गए थे, जिन्होंने आपस में प्रतियोगिता रखी। इस मौके पर साइकिल रेस के साथ विभिन्न प्रकार के खेल कुद भी कराए गए और उसके विजेता बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यापक सईद अहमद, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद अफजल, अध्यापिका माला, तस्मियां आदि मुख्य रूप से मौजूद थीं कार्यक्रम के अंत में संस्थापक रईस खान ने आए हुवे सभी अभीभावकों का आभार व्यक्त किया।

# भारत के ही नहीं विश्व के नेता थे देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । आजाद भारत के चप्पे – चप्पे पर लिखी है आधुनिक भारत के महान शिल्पकार देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की विकास गाथा उक्त विचार ईंगलिसिया लाइन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन के कार्यालय पर आयोजित पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयन्ती पर वक्ताओं द्वारा ब्यक्त करते हुये ब्यक्त किया गया। वक्ताओ ने आगे कहा कि आधुनिक भारत के महान शिल्पकार और आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु एक युग पुरुष थे सैकड़ों साल की गुलामी में जकड़े देश की आजादी के महा संग्राम में उन्होंने परम पूज्य राष्ट्र पिता कहलाने वाले महात्मा गांधी के नेतृत्व में दसियों साल जेल में बिताते हुये आधुनिक भारत के नव निर्माण का जो सपना बुना था उस सपने को पूरा करने के लिये आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जीवन की अन्तिम सांस तक संघर्ष करते हुये देश को एक ऐसी मजबूत बुनियाद प्रदान किया जिसपर आज के भारत की पूरी की पूरी ईमारत की तामीर हो पाई है वे एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उच्च चिकोटी के विद्वान, लेखक और बहुत बड़े दूर द्रष्टा थे उनका हर कदम केवल और केवल देश के नवनिर्माण के लिये और हर सांस देश के लिये समर्पित थी जिसके कारण ही देश दुनियां के पैमाने पर उन्होंने भारत को एक स्वाभाविक और आत्मनिर्भर स्वरूप प्रदान करने की अनगिनत योजनायें चला कर एक आधुनिक और विकासशील भारत का निर्माण किया था जिसके चलते तत्कालीन विश्व के गिने चुने नेताओं में उनका शुमार होता था ये और बात है कि आज की सत्ता में दैवयोग से बैठे बौने कद के अहंकारी तथाकथित नेता पंडित जवाहरलाल जैसे सर्वकालिक महानतम नेता द्वारा स्थापित उच्चतम मापदंडों के आस– पास भी नहीं फटकते। पंडित जवाहरलाल नेहरु के द्वारा ईतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित अविस्मरणीय महत्तम योगदान को वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां कभीं भी बिस्मृत नहीं कर पाएंगी और हमेशा हमेशा उनकी कृतज्ञ रहेंगी। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सिंचाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता पंडित विजय शंकर पाण्डेय ने और संचालन फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ सिंह ने किया इनके अलावा राधेश्याम सिंह, डॉक्टर पी0एस0 पांडे, राधेलाल एडवोकेट ,भूपेंद्र प्रताप सिंह, आनन्द सिंह, मनोज चौबे, प्रभु नाथ पांडे एडवोकेट, आनन्द मिश्रा , ब्रह्मदेव मिश्रा, संजय तिवारी, पुनीत मिश्र, विजय कृष्ण राय अन्नू, महेन्द्र चौहान, कमलाकात पांडे, ज्वाला मिश्रा, पंकज मिश्रा एडवोकेट ,डाक्टर संजय चौहान,अशोक कुमार पाण्डेय , निशांत ओझा, वैभव त्रिपाठी, मौहम्मद अरशद, युवराज पाण्डेय, पिन्टू शेख , आदि लोगों ने अपना विचार प्रकट किया ।

# पॉपुलर हॉस्पिटल में अद्वितीय सर्जरी




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी के प्रमुख अस्पताल पॉपुलर हॉस्पिटल के गैस्ट्रो सर्जन डॉ. रोहित कुमार सिंह ने हाल ही में यहां एक विशेष एवं जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक किया है। पॉपुलर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. ए.के. कौशिक के मार्गदर्शन में वाराणसी के प्रमुख गैस्ट्रो सर्जन डॉ. रोहित कुमार सिंह, लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अभिषेक एवं एनेस्थेटिस्ट डॉ. सुमित, डॉ. वेंकट की टीम द्वारा एट्रीनल ग्रंथी ट्यूमर फियोकोमोसाइटोमा नामक रोग का इलाज सफलतापूर्वक किया गया है यह रोग औसतन दस लाख में एक या दो को होता है। इस मरीज में यह ट्यूमर काफी बड़ा बन गया था और बहुत से अस्पताल में भटकने के बाद मरीज पॉपुलर हॉस्पिटल पहुंची , इस अत्यधिक दुर्लभ सर्जरी के माध्यम से पॉपुलर हॉस्पिटल ने वाराणसी में एक नए स्वास्थ्य मानिक की शुरूआत की है। पॉपुलर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. ए. के. कौशिक ने बताया कि यह सर्जरी वाराणसी के निजी अस्पताल में पहली बार हुई है और पॉपुलर हॉस्पिटल वाराणसी शहर का एक मात्र अस्पताल है जहां गैस्ट्रो सर्जरी विशेष रूप से एक समर्पित विभाग है और भविष्य में भी अपनी सेवा वाराणसी के लोगों को देता रहेगा।

# खेत में गई भैंस तो नाराज दबंगों के हमले में दर्जन भर लोग घायल, 14 के खिलाफ केस दर्ज

**महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही जोत कला गांव में मगलवार की शाम हुई थी घटना**

प्रखर संतकबीरनगर। महुली थाना क्षेत्र के भैसहीजोत कला में मंगलवार की शाम खेत में भैंस जाने से नाराज एक दर्जन से अधिक दबंगों ने लाठी डंडे से हमला करके लगभग दर्जन भर लोगों को घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची महुली पुलिस ने घायलों का इलाज करा कर 14 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम भैसही जोत कला निवासी कमलेश पुत्र राम जस ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि पीड़ित का पुत्र मंगलवार की शाम भैंस चराने गया था। भैंस खेत में जाने से नाराज गांव के ही रामाज्ञा, राम अजोर, राम उग्रह पुत्रगण गंगाराम, विजय, अजय पुत्रगण मनीराम, संतोष पुत्र रामधनी, दिलीप, प्रदीप पुत्रगण रामनाथ, कृष्णमोहन पुत्र रामशकल, गंगाराम पुत्र कन्हैया आदि लोगों ने लाठी डंडा और भला फरसा से लैस होकर गाली गुप्ता देते हुए हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी बुरी तरह घायल हो गया। शोर सुनकर प्रार्थी को बचाने पहुंचे लोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिससे 10 लोग और घायल हो गए। सूचना पर पहुंची महुली पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पीड़ित की तहरीर पर 14 लोगों के खिलाफ 147, 148, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना में दोनो पक्षों को चोटें आई हैं। घायलों का इलाज कराकर दोनो पक्षों की तहरीर के अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# स्वरणमयी अन्नपूर्णा की हुई महा आरती, एक वर्ष के लिए कपाट हुआ बंद



**अन्नकूट देखने देश विदेश से पहुंचे भक्त, माता अन्नपूर्णा कच्चा –पक्का अन्न से 511 कुंतल से लगा 56 भोग**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्वनाथ गली स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के प्रथम तल स्थित पांच दिवसीय स्वर्णरूपी अन्नपूर्ण स्वरूप दर्शन का पांचवा व अंतिम दिन होने के कारण दर्शनार्थियो की भारी भीड़ रही द्य महंत शंकर पूरी ने भोर में सविधि पूजन किया फिर आम भक्तो के लिया चार बजे पाट खोल दिया गया , पांचवे दिन होने से भक्तो की कतार भोर से ही दिखी जो देर रात समान्य हुई। अपराह 12 बजे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों भगवती को 56 भोग लगा अर्चको ने विशेष पूजन आरती किया। अन्नकूट प्रसाद पाने के लिए हजारों भक्त मंदिर पहुंचे। भोग आरती के बाद से भक्तो को बैठाकर प्रसाद ग्रहण करवाया गया। काशी ही नही देश के कोने कोने से लोग अन्नकूट देखने और प्रसाद पाने आते है जिसमे शासनिक प्रशासनिक और काशी के गणमान्य लोग भोग प्रशाद ग्रहण किए द्य महंत शंकर पूरी ने कहा अन्नकूट का बड़ा महत्व है अन्न के लिए महादेव ने झोली फैलाई थी आज का प्रसाद ग्रहण करने से सभी कष्ट दूर होते है और परिवार खुशहाल रहता है। मंदिर प्रबंधक ने सभी को धन्यवाद देते हुए बताया कि महंत जी के हाथो रात्रि में विशेष आरती कर एक वर्ष के लिए पट बंद कर दिया जाएगा। विशेष सहयोग में प्रदीप श्रीवास्तव,राकेश तोमर, धीरेंद्र सिंह,समेत मंदिर परिवार का रहा।

# युवा समाजसेवी ने मरीजों के साथ मनाया दीपोत्सव



प्रखर वाराणसी।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा समाज सेवी शुभम् सेठ गोलू ने वाराणसी के कबीर चौरा स्थित मंडलीय चिकित्सालय में लंबे समय से अपना इलाज कर रहे लावारिस लोग जिनका इस दुनिया में कोई नहीं उनके बीच जाकर अनोखी दिवाली मने तथा वार्ड को सजाकर रंगोली बनाकर लोगों का मुंह मीठा करा कर उनकी थोड़ी खुशियां बाती और वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो यही मंगल कामना की इस कार्य में उनके साथ राज गुप्ता, राहुल, पायल, सोनी जायसवाल, अनिल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कलशयात्रा निकाली गई

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में जन सहयोग से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिससे आज बुधवार को यज्ञ के शुभारंभ में कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा के गोविंदपुर से राप्ती नदी सिंस ई घाट से जलभर भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया। जिसमे क्षेत्र भर के युवा वृद्ध जवान महिलाए कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश लेकर पैदल ही यज्ञ स्थल तक जल भरकर लाया गया । कलश यात्रा के दौरान हाथी घोड़ा भी शामिल रहे गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। सैकड़ों भक्त गण नाचते गाते हुए कलश यात्रा की शोभा बढ़ाते नजर आये। सारे भक्त गण पीले गणवेश में यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। यह कलशयात्रा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत में बृंदाबन से आये पं से कथा प्रवचनव अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा राम लीला मंचन किया जायेगा।

# वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष बने रामू गुप्ता



प्रखर पिंडरा वाराणसी। वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय केशरी ने पिंडरा बाजार निवासी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार उर्फ रामू गुप्ता को वैश्य समाज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल व प्रदेश महामंत्री संजय केशरी के संस्तुति पर रामू गुप्ता के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्व जिलाध्यक्ष लल्ली चौधरी , विवेक गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, अनूप जायसवाल, गौरव गुप्ता, सोनू मोदनवाल समेत वैश्य समाज के अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं